तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

14 मत्स्य सहकारी समिति में भ्रष्टाचार का आरोप...



14 शहर के पानी टंकियों की सफाई कार्य शुरू





## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से क्लर्क घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से कमरौद हायर सेकंडरी स्कूल में पदस्थ क्लर्क घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ने कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस को अयोध्या नगर निवासी बाबूलाल साहू ने बताया कि वह सहायक ग्रेड 03 क्लर्क के पद पर कमरौद हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ है। 27 अगस्त को अपने घर से स्कूटी स्कूल कमरौद जा रहा था, करीब 9.45 से 10 बजे के बीच झालखम्हरिया के पास पहुंचने पर पीछे से सफेद रंग का कार के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोट आई। मामले में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 184 मो.व्ही. एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।




### दो लोगों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने कौड़िया तिराहा में दो लोगों के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में बैठकर महुआ शराब रखकर कौडिया की ओर जा रहे हैं। इसके बाद बाइक को रोककर दोनों का नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम सुनील ध्रुव पिता दशरथ ध्रुव (23 साल), रेल कुमार ध्रुव पिता गौरीशंकर ध्रुव (22 साल) सेवैयाकला बताए। आरोपियों के कब्जे से कुल 20 लीटर कीमत 4000 रुपए, एवं एक मोटर सायकल कीमत 25000 रुपए कुल कीमत 29000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ओडिशा निर्मित शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने सोसायटी चौक छोटे खेमड़ा में एक व्यक्ति के कब्जे से ओडिशा निर्मित शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी अमीर कुरैशी पिता मनसुर कुरैशी 57 साल वार्ड नं. 21 सुनसुनिया थाना बागबाहरा के कब्जे से 110 पाउच हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित शराब कुल 22 लीटर कीमत 5500 रुपए और नगदी रकम 250 रुपए, एक मोटरसायकल को जब्त किया है।मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



सिद्धिविनायक गणेशोत्सव समिति इडब्लूएस कॉलोनी पूजा पश्चात गणपति स्थापना किया गया।

# विधि-विधान से पूजा, विराजे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गणपति पूजन का पर्व गणेश चतुर्थी

- पंडाल की सजावट के लिए समिति के सदस्य जुटे रहे

से श्रद्धा और उल्लास पूर्वक मनाए जाने की शुरुआत गणपति के वार बुधवार से शुरु हुआ। शहर के विभिन्न गणेशोत्सव समितियों में बाजे गाजे के साथ गणपति स्थापना के लिए मूर्तियां पहुंची और फिर बुधवार को विधि विधान से पूजा पश्चात गणपति स्थापना की गई। गणेश चतुर्थी के पहले ही गणेश प्रतिमाओं और सजावट सामग्रियों के लिए बाजार में काफी भीड़ नजर आई। घरों में विराजित किए जाने वाली गणेश प्रतिमाओं के लिए बच्चों में खासा उत्साह नजर आया वहीं जिन सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों द्वारा वर्षो से गणपति स्थापना की जाती रही है। उन स्थानों में बुधवार तक पंडाल की सजावट आदि के लिए समिति के सदस्य जुटे रहे और तैयारियों के अंतिम रुप दिया गया। नगर के अलावा ग्रामीण अंचल में भी गणेशोत्सव की तैयारियों की धूम रही। नागरिकों की मानें तो यह पर्व धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करता है। प्रतिमा स्थापना के साथ ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव में विभिन्न समितियों द्वारा भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक पूजा-पाठ के आयोजन की भी रुपरेखा तय की गई है।

### गाजे-बाजे के साथ पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता

इस साल बप्पा की खूब प्रतिमाएं भक्तों के घर पहुंची। गणेश उत्सव बच्चों के लिए सबसे खास होता है। बच्चे अपनी मासूमियत भरी उत्सुकता से बप्पा की सेवा और पूजा की तैयारी में जुटे नजर आए। घंटी और शंख की ध्वनि के साथ अब मंत्रोपचार के बीच स्थापना पश्चात पंडालों में भोग प्रसाद वितरण हुआ।

## समस्या : कम बारिश होने से जिले में अकाल की स्थिति, किसानों में चिंता

# पिछले 11 सालों के रिकॉर्ड में अब तक सबसे कम हुई बारिश, सूखे की बन रही स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बीते 11 वर्षों के रिकार्ड का आंकलन बता रहा है कि इस जिले में सबसे कम बारिश हुई है। इसके चलते जिले में सूखे की आशंका से इंकार नही किया जा सकता। यही स्थिति रही तो धान की फसल पर बुरा असर पड़ेगा और इसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। पूरा अगस्त सूखा का महीना साबित हुआ। यानी कि सावन और भादो इस बार बिन बारिश के बीत रहा।

उल्लेखनीय है कि इस साल सबसे कम 26 अगस्त तक की स्थिति में केवल 84 प्रतिशत ही बारिश हो पाई है। एक जून से अब तक जिले में 626 मिमी बारिश हुई है। महासमुंद में 539 मिमी, सरायपाली में 629 मिमी, बसना में 586 मिमी, पिथौरा में 826 मिमी, बागबाहरा में 591 मिमी, कोमाखान में 591 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बुधवार सुबह तेज धूप निकलने से किसान टकटकी लगाए आसमान की ओर निहार रहे हैं। इस बार मानसून आने के बाद से अब तक अच्छी बारिश नहीं हो पाई है। फलस्वरूप किसान बारिश को लेकर चिंतित हैं। जुलाई माह निकल गया, अगस्त का माह बीतने को है। लेकिन, अब तक अच्छी बारिश नहीं हुई है। अच्छी बारिश नहीं हुई, तो धान की फसल सूखने लगेगी।

बागबाहरा क्षेत्र के किसान विगनेश तिवारी ने बताया कि 3 एकड़ में धान की फसल ली है, लेकिन 20 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेत सूख गए है। इसके चलते खेत में दरार आ गई है। जगमोहन राम निषाद ने बताया कि 4 एकड़ में धान की फसल लिया हूं। धान के पौधे पीले पड़ने लगे है। बता दे की बीते 1 महीने से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण जलाशय भी नहीं भर पाए हैं। पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत बारिश कम हुई है।

### कोडार से छोड़ा गया 500 क्यूसेक पानी

जिले में कुल 100 जलाशय है। इनमें कोडार और केशवा मुख्य जलाशय है। केशव जलाशय में वर्तमान में 35 प्रतिशत जलभराव की स्थिति है। पिछले साल भी जलाशय में कम पानी भरा हुआ था। कोडार जलाशय की क्षमता 149 मिलियन घन मीटर है। इस जलाशय से 50 गांवों में सिंचाई के लिए 500 क्यूसेक घन मीटर पानी छोड़ा गया है। वही कोडार डैम में वर्तमान समय पर केवल 19 फिट पानी भरा हुआ है। जिले के सरायपाली, बसना, बागबाहरा क्षेत्रों में सिंचाई के साधन नहीं है।

### हर माह रहा उतार-चढ़ाव

इस साल जून में सामान्य बारिश रहीं तो जुलाई में कम बारिश दर्ज की गई। वहीं, अगस्त माह के शुरुआत दिनों में सामान्य से अधिक रहीं। इसके बाद लगातार घटती गई और अब यह 15 फीसदी तक घट चुका है। वहीं सितंबर के अंतिम सप्ताह से मानसून की वापसी शुरू हो जाती है। हालांकि, बीते चार साल से सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। लेकिन, इस बार सामान्य से कम बारिश का अनुमान है।

# नियमों की अनदेखी, 8 महीने में 365 दुर्घटनाएं, 234 की गई जानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

यातायात नियमों की अनदेखी, लापरवाही और नशे में वाहन चलाने के कारण जिले में सड़क हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। आएदिन सड़क दुर्घटना में किसी न किसी की जान जा रही है। पिछले 8 महीने में जिले में कुल 365 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें अब तक कुल 234 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 327 घायल हो चुके हैं। बीते 22 अगस्त को ग्राम निसदा निवासी तोरण निषाद पिकअप क्रमांक सीजी 04 एनसी 5109 में घोड़ारी से बरबसपुर जा रहा था।

इस दौरान नेशनल हाईवे-53 ओवरब्रिज के आगे ग्राम घोड़ारी के पास बिना संकेतक खड़ा वाहन जीजे 12 बीजेड 0060 से भिड़ गई। हादसे में तोरण की मौत हो गई। वहीं कुछ दिन पहले ही शहर के तुमगांव ओवरब्रिज के पास एक सब्जी व्यवसायी को एक टेंकर ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे व्यवसायी की मौके पर ही मौत हो गई। ऐसी कई दुर्घटनाएं आए दिन हो रही है।

### बढ़ रही दुर्घटनाएं

अधिकतर दुर्घटनाएं नशा और लापरवाही और बिना हेलमेट के कारण हुई है। जिले में 7 ब्लैक व 2 ग्रे-स्पॉट है। जहां अक्सर सड़क दुर्घटना होती है। पर, सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। पिछले 8 महीने में जिले में कुल 365 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें अब तक कुल 234 मौतें हो चुकी है और लगभग 327 घायल हो चुके हैं। इनमें नेशलन हाईवे में ज्यादा हादसे हुए। जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग में लोगों ने अपनी सहूलियत के अनुसार कुछ स्थानों पर डिवाइडर तोड़कर आवागमन के लिए जगह बना दी है, जो दुर्घटना का कारण बन रहा है।

### बिना हेलमेट 164 लोगों की मौत

जिले में सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं में बाइक सवार ही घायल हो रहे हैं। अधिकांश बाइक सवार वाहन चलाने के दौरान हेलमेट नहीं लगा रहे। हेलमेट के लिए लोगों को भी जागरूक होना पड़ेगा। यातायात पुलिस समय-समय पर लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करती है और समय-समय पर कार्रवाई भी हुई है। बावजूद लोग नहीं मान रहे हैं। जानकारी के अनुसार 2024 में सड़क दुर्घटना में 287 लोगों की मौत हुई थी। इसमें बिना हेलमेट 164 मौतें और 119 लोग घायल हो चुके हैं। बिना सीट बेल्ट के 61 की मृत्यु और 134 घायल हुए थे। तेज गति से वाहन चलाने वाले 25 लोगों की मृत्यु हुई थी।

# बाड़ी से गाय को बाहर निकाल रहे व्यक्ति से मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पीपलखुंडा में बाड़ी से गाय को



बाहर निकाल रहे व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना पुलिस को नित्यानंद पटेल ने बताया कि 27 अगस्त की दोपहर करीबन 2 बजे वह अपने घर के बगल में बाड़ी में था उसी समय गांव के बरनदास अपने गायों को बाहर से चरा कर ला रहा था, उनमें से एक गाय उसकी बाड़ी के अंदर कूद कर आ गई गई, जिसे वह बाहर निकाल रहा था। तभी बरनदास वहां आया और मेरे गाय को मार रहा है कहकर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। जब भतीजे कुबेर पटेल ने बीच बचाव किया तब उसके साथ भी आरोपी ने मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# 2019 से पहले का वाहन को एचएसआरपी पोर्टल में अपलोड करना हुआ अनिवार्य, विभाग सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट लोगों के लिए एक और परेशानी की वजह बनने वाली है क्योंकि अगर 2019 से पहले का वाहन पर नये एचएसआरपी नंबर वाहन पोर्टल में अपलोड नहीं होने पर गाड़ी बेच सकेंगे न आरसी में बदलाव नहीं करा पाएंगे। परमिट जैसी सेवाएं लोगों को नहीं मिल पाएगी। एचएसआरपी नंबर प्लेट बनने के बाद ही अगला कार्य हो पाएगा। इसके अलावा अब जुर्माना भी लगाया जा सकता है। एक अप्रैल 2019 से पहले का वाहन उपयोग कर रहे हैं तो एचएसआरपी नंबर प्लेट का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। जिले में एक लाख 78 हजार वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने का लक्ष्य है। 13242 वाहनों में लगाए जा चुके हैं। 18 हजार वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। जिन्हें शीघ्र ही एचएसआरपी नंबर प्लेट मिल जाएंगे। वहीं अन्य वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा शिविर लगाया जा रहा है। इसके बाद भी लोग वाहनों का नंबर प्लेट अपडेट कराने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं होने पर ऑनलाइन चालान भी काटा जा सकता है। इससे बचने के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। परिवहन विभाग के अनुसार अप्रैल 2019 से पहले के वाहन जिन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाहन पोर्टल में लोड नहीं हुआ है, उन्हें परिवहन विभाग की अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। परमिट, आरसी बदलाव आदि कार्य नहीं हो पाएंगे। पहले हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लग पाए हैं। नंबर प्लेट को लेकर लोग जागरूक नहीं हुए हैं। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परमिट, टैक्स जमा करने से लेकर फिटनेस प्रमाण-पत्र, गाड़ी बेचते समय दूसरे ग्राहक के नाम पर ट्रांसफर, पता बदलने का कार्य, स्वामित्व बदलना, ऑनलाइन चालान भरने जैसे कार्य नहीं हो पाएंगे।

### मोबाइल पर नहीं आ रही ओटीपी

कई वाहन चालकों के मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं आ रही है। इस कारण लोगों को मोबाइल नंबर परिवहन विभाग में आकर सुधारना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत दूर-दराज में रहने वाले लोगों को हो रही है। उन्हें जिला मुख्यालय नंबर अपडेट कराने आना पड़ रहा है। उनके अतिरिक्त पैसे भी खर्च हो रहे हैं। ओटीपी नहीं आने से लोग परेशान हैं। जबकि, उसी मोबाइल पर अन्य गतिविधियों की ओटीपी आ रही है।

## शिव मंदिरों एवं घरों में सजा फुलेरा, पूजा अर्चना के बाद तोड़ा व्रत

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए भगवान शिव की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मंगलवार एवं बुधवार के दिन शिवालयों में हरितालिका तीज पर्व पर सुहागिनों की भीड़ देखने को मिली। जहां महादेव एवं पर्वती की पूजा कर पति की दीर्घायु की कामना की गई। मायके पहुंची सुहागिनों में विशेष उत्साह देखा गया।

जिला मुख्यालय में स्थित शिवालयों सहित समीपस्थ ग्राम बम्हनी के प्रसिद्ध बम्हनेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार की सुबह महिलाओं ने सफल दांपत्य के लिए शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर तीज व्रत कथा का श्रवण किया एवं बुधवार को सुबह पारण करने से पूर्व शिव की पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु की कामना की गई। वहीं कई महिलाओं ने अपने घर में ही मिट्टी से शिवलिंग का निर्माण कर पूजा-अर्चना की।

व्रतियों ने नई साड़ी व विविध आभूषणों से सजने के साथ हाथों में मेहंदी लगवाई। विविध व्यंजन भी बनाए गए। महिलाओं का मानना है कि इस त्यौहार में उपवास का विशेष महत्व है। सुहाग के दीर्घायु की कामना के साथ सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए भगवान से विनती की गई।



### ठेठरी, खुरमी की उठी महक

तीज पर्व में महिलाओं ने बुधवार के दिन पारण करने के लिए विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन विशेषकर ठेठरी, खुरमी, कुसली, चौसेला, गुजहा, सोहारी, अइरसा रोटी बनाई गई। महिलाए जब अपने मायके से ससुराल जाएंगी तब विभिन्न शगुन के साथ तीजा रोटी, ठेठरी, खुरमी देकर विदा किया जाएगा।

### सहेलियों से मिलने का उल्लास

तीज पर्व में मायके पहुंची महिलाओं ने कहा कि अपने बचपन की सहेलियों से मिलने का उल्लास रहा। पूजा-अर्चना के बाद एक दूसरे से सुख-दुख की बातें की जाती रही। शादी के बाद पहली बार मायके पहुंची बेटियों में पर्व को लेकर अधिक उत्साह रहा। सुहागिनों के अलावा कुंवारियों ने भी सुयोग्य वर प्राप्ति के लिए उपवास रखा।



### खरोरा में मनाया हरितालिका तीज पर्व

ग्राम खरोरा में हरितालिका तीज का त्योहार 26 अगस्त मंगलवार को मनाया गया। सुबह से ही घरों और मंदिरों में अलग ही रौनक देखने को मिल रही है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अविवाहित महिलाएं सुयोग्य वर की कामना के लिए व्रत करती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन माता पार्वती ने महादेव को कठिन तपस्या कर पति के रूप में प्राप्त किया था। इसलिए इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थनाएं करती हैं। हरे रंगे के परिधानों में 16 शृंगार कर पूजा-पाठ किया गया।

### अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**सरायपाली।** तीज का पर्व नगर सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया। जहां विवाहिता स्त्रियों ने अपने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए तीज व्रत रखा, वहीं कुंवारी लड़कियों ने अच्छे जीवनसाथी की कामना के लिए व्रत रखा। इस बार तीज व्रत चार विशिष्ट योगों सर्वार्थसिद्धि, शोभन, गजकेसरी और पंचमहापुरुष योग का अद्भुत संयोग में मनाया गया। इस योग में पूजा करने से शत प्रतिशत मनोकमनाएं पूरी होने की बात कही गई। हरतालिका तीज पर माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए यह व्रत रखा था, तभी से हरतालिका तीज का चलन महिलाओं में ज्यादा बढ़ गया है। वैसे तो महिलाओं में व्रतों का दौर पूरे वर्ष चलता रहता है, लेकिन भादो महीने में मनाए जाने वाली हरतालिका तीज इन सभी पर्वों में प्रमुख एवं कठिन मानी जाती है। तीज तिथि शुरू होने से लेकर व्रतधारियों का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया था। रात्रि 12 बजे से व्रतधारियों ने एक बूंद पानी भी नहीं पिया। सुबह से ही शिवमंदिरों में महिलाओं और कन्याओं का पहुंचना शुरू हो गया। महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा की। महिलाओं ने फुलहरा सजा कर पूरी रात भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा कर परिवार और पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। रात्रि तीन बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक स्नान कर भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन आरती कर नदी, तालाब के घाटों पर फुलहरा विसर्जित किया। सुबह पूजा पाठ करने के बाद ही व्रतधारियों ने पानी पिया।

## खबर संक्षेप

### जिला कुश्ती टीम का चयन 29 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन रायगढ़ में किया जा रहा है। जिला कुश्ती टीम का चयन 29 अगस्त को इण्डोर स्टेडियम आमातालाब में होगा। जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाएं।

### रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा 29 को

**धमतरी।** जिले के महाविद्यालयों में 29 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से बीएससी व्दितीय एवं तृतीय वर्ष रसायनशास्त्र की पूरक प्रायोगिक परीक्षा होगी। संबंधित समस्त छात्र-छात्राएं अपनी आवश्यक सामग्री के साथ परीक्षा में शामिल होंगे। अनुपस्थित रहने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### प्रकृति वंदन कार्यक्रम 30 अगस्त तक

**धमतरी।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की ओर से 23 से 30 अगस्त तक प्रकृति वंदन कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें जनता को अपने घर, गांव, बस्ती, कालोनी, मोहल्ला, नदी, तालाब, वार्ड आदि स्थानों पर पंच महाभूतों की वंदना कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लेने कहा गया है। परिवार, मित्र, समाज के साथ जाकर भूमि वंदन, वृक्ष वंदन, जल वंदन, गौ वंदन कर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लें। प्रकृति वंदन का चित्र साझा करें। नदियों, पेड़-पौधे, तुलसी, पर्वती, जीव-जंतु, सांप की पूजा, संरक्षण के लिए प्रकृति वंदन कार्यक्रम भारत वर्ष में रखा गया है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 13 अक्टूबर को

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पंजीयन प्रारम्भ हो गया है। 31 अगस्त से 5 सितम्बर तक फार्म जमा होंगे। 5वीं, 6वीं के लिए 35 रुपए एवं 7वीं से 12वीं कक्षा के लिए 40 रुपए फीस निर्धारित है। ओएमआर सीट दी जायेगी। विकासखंड, जिला, राज्य स्तर पर आकर्षक इनाम प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले परीक्षार्थियों को दिए जाएंगे। परीक्षा 13 अक्टूबर को होगी। यह जानकारी एमआर निषाद जिला संगठन प्रभारी ने दी है।

### पिकअप की ठोकर से राहगीर घायल

**धमतरी।** नशे में धुत छोटा हाथी पिकअप के चालक ने राहगीर युवक को ठोकर मार घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय गोकुलपुर निवासी हिरेंद्र तिवारी पिता नरेश उम्र 20 वर्ष मंगलवार को दोपहर बाद गोकुलपुर रूद्री रोड में पैदल जा रहा था। इसी दौरान वहां से तेज गति से गुजर रही छोटा हाथी पिकअप क्रमांक सीजी 05 डी 1324 के चालक इंद्रजीत देवांगन पिता लेखराम उम्र 34 वर्ष ग्राम चारभाठा थाना चारामा निवासी ने पैदल जा रहे हिरेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में युवक घायल हो गया। उसके सिर पर चोट आई है। आरक्षक चंपू सोनी की सूचना पर वरदान एंबुलेंस संस्था के शिवा प्रधान व प्रेम साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। बताया गया है कि पिकअप का चालक इंद्रजीत नशे में धुत होकर हाईस्पीड में वाहन चला रहा था जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

### पोस्ट ऑफिस में चोरी का प्रयास

**नगरी।** नगर के मुख्य चौक स्थित पोस्ट ऑफिस में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। चोरों ने कार्यालय के पीछे से दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और तिजोरी तोड़ने की कोशिश की। सुबह जब पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो दरवाजा टूटा हुआ मिला और तिजोरी भी क्षतिग्रस्त पाई। हालांकि चोर उसमें रखे रुपये निकालने में असफल रहे। डाकघर प्रभारी जीवन साहू ने तत्काल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

---

**आयोजन: छात्रों ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए**

# सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर हुई विखं स्तरीय वाद-विवाद स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बागबाहरा में गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर तार्किक एवं प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेजेस कोमाखान समूह ने प्रथम, सेजेस बागबाहरा ने द्वितीय तथा हायर सेकंडरी स्कूल बकमा घुंचापाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक दुर्घटना किसी परिवार के सपनों का टूटना और जीवन की पीड़ा है। भारत में सड़क सुरक्षा एक गंभीर चुनौती है और इसका समाधान तभी संभव है, जब हर नागरिक स्वयं जिम्मेदारी लेते हुए यातायात नियमों का पालन करे। हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक सिग्नल और गति सीमा केवल औपचारिकताएं नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के कवच हैं। युवा पीढ़ी को आगे आकर समाज में जागरूकता फैलानी होगी और स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। आज की प्रतियोगिता में छात्रों ने जिस गंभीरता से अपने विचार रखे, वह दर्शाता है कि हमारी नई पीढ़ी परिवर्तन लाने के लिए तैयार है। थाना प्रभारी नितेश सिंह ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हम चाहते हैं कि हर नागरिक सड़क पर स्वयं अनुशासित रहे। हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन के रक्षक कवच हैं, जिन्हें किसी भी परिस्थिति में नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन स्वयं करना और दूसरों को प्रेरित करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे कदम ही बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। इस अवसर पर तहसीलदार हरीशकान्त ध्रुव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता डे भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी हीरा सिंह नायक, प्राचार्य सेजेस कोमाखान तथा शिक्षक गण विजय शर्मा, देवानंद वेदव्यास, मनीष अवसरिया, भूपेंद्र निराला, गेंदलाल यादव, हीरेंद्र देवांगन, निर्णायक अजय अग्रवाल, मन्नू कुर्रे, हरीश चौहान, कुमत राम ध्रुव, नितिन जैन हीरेंद्र उपाध्याय सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। निर्णायक मंडल द्वारा निष्पक्ष निर्णय देकर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, प्रेरणा और जागरुकता से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षा है।

---

# सी एवं डी वेस्ट नियमों का उल्लंघन करने पर 23 सौ रुपए जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की दिशा में नगर पालिक निगम लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशन में निगम की इंजीनियर एवं स्वच्छता टीम ने गोकुलपुर वार्ड में कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन (सी एवं डी) वेस्ट प्रबंधन नियमों के पालन हेतु विशेष जांच अभियान चलाया।

निरीक्षण के दौरान कुछ लोगों द्वारा निर्माण एवं ध्वस्तीकरण से निकलने वाला मलबा खुले स्थानों पर फेंका जा रहा था। यह न केवल स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करता है बल्कि यातायात और आम नागरिकों की सुविधा में भी बाधा उत्पन्न करता है। इस लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम टीम ने चार लोगों पर चालानी कार्यवाही की तथा कुल 2300 रूपए जुर्माना वसूला। आयुक्त प्रिया गोयल ने स्पष्ट कहा कि किसी भी हाल में निर्माण कार्य से उत्पन्न मलबा सार्वजनिक स्थलों पर डालना प्रतिबंधित है। सभी नागरिकों को निगम द्वारा निर्धारित डंपिंग स्थल का ही उपयोग करना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

# मिनी स्टेडियम में हुई अंतर विद्यालयीन हैंडबॉल प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

अंतर विद्यालयीन हैंडबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में हैंडबॉल प्रांगण मिनी स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिला हैंडबॉल संघ के सचिव एवं कार्यक्रम के संयोजक सैयद इमरान अली ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महासमुंद शहर के लगभग 16 विद्यालयों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें डीएमएस, रिवरडेल स्कूल, द न्यू होलीफेथ, गुड शेफर्ड, शिशु संस्कार केंद्र, बृजराज पाठशाला, आत्मानंद हिंदी, राम पाठशाला, केंद्रीय विद्यालय, आशीबाई गोलछा कन्या शाला, वेडनर मेमोरियल एवं आत्मानंद सांकरा, आत्मानंद पटेवा, शासकीय हाई स्कूल बेलसोंडा की टीम शामिल हुए।

इंटर स्कूल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदीप चंद्राकर जिला महामंत्री महासमुंद एवं अध्यक्ष महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ, अध्यक्षता शिक्षा विभाग के सहायक संचालक नंदकुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि खेल अधिकारी, खेल एवं युवक कल्याण मनोज धृतलहरे, अवनीश वाणी प्राचार्य शिशु संस्कार केंद्र उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विजेता क्रमशः आत्मानंद हिंदी, रिवरडेल स्कूल, गुड शेफर्ड, केंद्रीय विद्यालय, आत्मानंद सांकरा विद्यालय, बालिका वर्ग में क्रमशः रिवरडेल स्कूल, गुड शेफर्ड, शिशु संस्कार केंद्र, डीएमएस विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सैयद इरफान अली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी आशीष कुशवाहा व्यायाम शिक्षक सांकरा, कोनेन अहमद व्यायाम शिक्षक रिवर्डल, सोनिया बंदे व्यायाम शिक्षक गुड शेफर्ड, हिरेंद्र साहू व्यायाम शिक्षक डीएमएस, कामता प्रसाद साहू, डीगेश ठाकुर, टिकेश्वर साहू, प्रशांत, विवेक दास, सागर यादव, मतिहास दास, आदित्य चंद्राकर, सिफ्टेन रजा, सोमेश सोनी, अंकुर जैन, सृष्टि मिश्रा, रानी यादव, शीतल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सैयद इमरान अली एवं आभार व्यक्त आशीष कुशवाहा ने किया।

---

# फुट ओवरब्रिज निर्माण पर लगाई रोक अब शहर में दो जगह बनेगा अंडरब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

तुमगांव रोड स्थित रेलवे क्रासिंग में फुट ओवरब्रिज निर्माण के संशय से शहर की जनता को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ी है। क्षेत्र की सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी के महासमुंद प्रवास पर संबलपुर रेलवे डिवीजन के एडीएम बाथम ने मुलाकात की। सांसद ने कहा कि जनमानस के अनुसार निर्माण हो।

फुट ओवरब्रिज के विकल्प में अंडरब्रिज बनाया जा सकता है। तदुपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंद्रजीत गोल्डी, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के साथ एडीएम बाथम ने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे स्थल निरीक्षण किया तथा स्थल पर ही नेताओं के साथ लम्बी चर्चा की। नेताओं ने कहा कि शहर की 40 प्रतिशत आबादी रेलवे पटरी के पार निवास करती है। फुट ओवरब्रिज बनने से गेट बंद हो जाएगा। पटरी के पार निवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में प्रभावित होंगे। ठेले खोमचे वाले, सायकल से स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं, हाथ ठेले वाले मजदूर फुट ओवरब्रिज में नहीं आ जा सकते। नागरिकों को आवागमन में तकलीफ होगी। शहर का जनमानस प्रभावित होगा। सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेताओं की राय जनमानस के अनुसार अंडरब्रिज बनाया जाए, जिससे आवागमन प्रभावित नहीं होगा। सभी के लिए सुविधाजनक होगी। ऐतराम साहू, इंद्रजीत गोल्डी, देवीचंद राठी ने एडीएम को सुझाव दिया कि दो अंडरब्रिज बनाया जाए, एक अंडरब्रिज रेलवे क्रासिंग पर तथा दूसरा अंडरब्रिज शंकर नगर के बावली गली के पास बनाना चाहिए। दो अंडरब्रिज से शहर की आबादी को आवागमन में सुगमता होगी। ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा।



शंकर नगर में अंडरब्रिज की मांग लंबे समय से की जा रही है। अंडरब्रिज बनने से सीधे शंकर नगर, इमली भाठा, बेमचा परसवानी जाने का रास्ता बन जाएगा, जिससे बहुत से लोग शंकर नगर ब्रिज से जाना प्रारम्भ करेंगे। ट्रैफिक लोड बंट जाएगा, दुर्घटना भी कम होगी। एडीएम ने भी सभी बातों को समझते हुए कहा कि रेलवे द्वारा रेलवे क्रांसिग एवं शंकर नगर दोनों ही जगह पर अंडरब्रिज बनाएगी, इसके लिए शीघ्र प्लान किया जाएगा। कलेक्टर महासमुंद से पहले सहमति लेनी होगी। जिसके लिए शीघ्र ही कलेक्टर से बैठक करने की बात कही। एडीएम ने यह भी कहा कि अब इस स्थल पर फुट ओवरब्रिज निर्माण को निरस्त किया जा रहा है। इस प्रकार शहर को शीघ्र ही दो अंडरब्रिज की सौगात केंद्र की मोदी सरकार द्वारा मिलेगी। इन सभी प्रयासों में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इंद्रजीत खालसा, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी का उपस्थित लोगों ने आभार व्यक्त किया है। फुट ओवरब्रिज के निरस्त होने की जानकारी पर आमजनों में खुशी की लहर है।

गौरतलब है कि ओवरबिरज के प्रारंभ होने पर आज से 6-7 साल पहले रेलवे क्रॉसिग गेट को बंद कर दिया गया था, तब भी तत्कालीन सांसद चुन्नी लाल साहू के साथ भाजपा के वरिष्ठ पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा दिल्ली जाकर केन्द्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर जनता की तकलीफ बताई गई। केवल दो दिन के अंदर ही रेलवे फाटक को जनहित में खुलवाया गया। भारतीय जनता पार्टी हमेशा जनहित को प्राथमिकता देती है। स्थल पर अमरजीत खालसा, प्रिंस चावला, सोमेश साहू, पारस चांडक, योगेश साहू, मीनू सेन, दिनेश यादव, पप्पू साहू तथा आसपास के नागरिकगण उपस्थित थे।

---

**वन अधिकार मामले में एकता परिषद जन संगठन की डीएफओ के साथ हुई बैठक**

# बूटीगढ़ में आदिवासियों की झोपड़ी उजाड़ने का मुद्दा उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वन अधिकार से वंचित परिवारों के मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय एकता परिषद जन संगठन ने वन विभाग के आलाधिकारियों के साथ विशेष बैठक ली। सोमवार को वन विभाग के जिला कार्यालय में वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्णा जाधव, एसडीओ मनोज विश्वकर्मा, सिंगपुर रेंजर की उपस्थिति में एकता परिषद जन संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रमेश शर्मा, सदस्य सीताराम, श्रीमती श्रद्धा कश्यप, श्रीमती निर्मला, जिला कमेटी सचिव उत्तम सामरथ, लक्ष्मी नेताम तथा ग्रामीण संगठन मुखियाओं ने चर्चा की।

बैठक में मुख्य रूप से एफआरए कानून का सही क्रियान्वयन नहीं होने का मुद्दा छाया रहा, जिसके कारण जंगल में पारंपरिक रूप से निवासरत आदिवासी गैर आदिवासी वन अधिकार से वंचित हो रहे हैं। संगठन ने कहा है कि आदिवासी, गैर आदिवासी परिवारों द्वारा दावा आवेदन वन अधिकार समिति के माध्यम से ग्रामसभा में प्रस्तावित किया गया है। जिसे उपखंड एवं जिला स्तर पर किसी कारणवश निरस्त कर बेदखल किया जा रहा है।



संगठन ने बताया कि 31 जुलाई 2025 को बूटीगढ़-सिंगपुर के वन परिक्षेत्र में जंगल की जमीन पर खेती एवं झोपड़ी बनाकर रह रहे 32 आदिवासी परिवार में से 27 आदिवासी परिवारों का आशियाना जेसीबी मशीन से उजाड़ दिया गया।

---

# वापसी की राह पर दो गजराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- एक माह से जिले के जंगल में कर रहे विचरण, फसल क्षति के अनेक प्रकरण दर्ज

माहभर से जिले के जंगल में विचरण कर रहे दो हाथी वापसी की राह पर हैं। मंगलवार को धनबुड़ा पहंदा मार्ग को क्रास कर लिया है। पवईनाला, भारतमाला रोड क्रास करने के बाद पैरी नदी पार कर गरियाबंद के जंगल में लौटने की संभावना है। फिलहाल उत्तर सिंगपुर निगरानी दल हाथी का लोकेशन लेने में लगा हुआ है। सात जगह पर फसल क्षति का प्रकरण बनाया गया है। हाथी निगरानी दल प्रमुख उत्तर सिंगपुर के डीएस साहू ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे के करीब दोनों हाथी धनबुड़ा, पहंदा मेन रोड पारकर पवईनाला की ओर जा रहे थे। बलौदाबाजार से आने वाले दंतैल को बीपीएमई तथा गरियाबंद से आने वाले बिना दांत के हाथी को जीबीएमई का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि सात जगह पर फसल हानि का प्रकरण दर्ज किया गया है। 35 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर प्रभावितों को प्रति एकड़ 9 हजार रूपए का मुआवजा दिया जाता है। कक्ष क्र. 114 पवईनाला की ओर आगे बढ़ने के कारण हाथियों के लौटने की संभावना है। हाथी विचरण क्षेत्र के ग्राम धनबुड़ा, झाझरकेला, कोटरवाही, छलकनी आदि गांवों में मुनादी कर लोगों का अलर्ट किया गया है।

---

**सारंगपुरी में स्थापित गणेश जी के दर्शन से मिलती है अद्भुत ऊर्जा**

# प्रकृति ने पाषाण को तराशकर बनाई गणेशजी की प्रतिमा

संतोष सोनकर ▶▶ धमतरी

कुदरत द्वारा पाषाण में बनाई गई गणेशजी की प्रतिमा ग्राम सारंगपुरी में स्थित है, जिसके दर्शन मात्र से श्रद्धालु अलौकिक ऊर्जा महसूस करते हैं। ग्रामीण बड़ी श्रद्धा से भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा का पूजन कर मनोकामना मांगते हैं।

प्रकृति भी समय-समय पर अपनी कलाकारी दिखाने में पीछे नहीं रहती। कुदरत की अद्भुत रचना लोगों के परिकल्पना से भी ऊपर रहती है। प्रकृति द्वारा निर्मित भगवान श्रीगणेश की प्राचीनकालीन प्रतिमा ग्राम सारंगपुर में स्थापित है। जिला मुख्यालय से लगभग 12 किमी दूर ऐतिहासिक स्थल डोंगेश्वर धाम डोंगापथरा पहुंच मार्ग पर ग्राम सारंगपुरी है।

यह गांव महानदी के किनारे बसा हुआ है। वैसे भी महानदी अपने आप में कई रहस्यों को समेटी हुई है। नदी किनारे बसे गांव के तालाब किनारे एक प्राचीन प्रतिमा स्थापित है जिसे गांव व आसपास के ग्रामीण भगवान श्री गणेश की प्रतिमा मानकर पूजा पाठ करते हैं। लगभग 3 फीट की ऊंचाई वाले पाषाण की इस मूर्ति में सिर, सूंड, हाथ, पैर व पेट लंबा उदर की आकृति स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। यह मूर्ति बैठक मुद्रा में पत्थर की एक शिला पर बनी हुई है। जिसके कारण ग्रामीण इस मूर्ति को भगवान श्री गणेश की प्रतिमा मानकर पूरी श्रद्धा से पूजा करते हैं। गांव व आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में श्रीगणेश के दर्शन करने आते हैं। पहले यह प्रतिमा जमीन पर रखी हुई थी। ग्रामीणों ने शेड व चबूतरा बनाकर प्रतिमा स्थापित कर मंदिर का स्वरूप दिया है।

ग्रामीणों का मानना है कि गणेशजी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण कर मनवांछित फल देते हैं। उनका यह भी मानना है कि इस मूर्ति का निर्माण प्रकृति द्वारा किया गया है। गणेश पक्ष में प्रतिमा के पूजा पाठ का अलग ही महत्व होता है। स्कूली बच्चे भी दर्शन के लिए आते हैं।





**दही बेचने वाली एक महिला को मिली थी मूर्ति**

गांव के रामेश्वर सोनकर, गौकरण व राजसिंह ने बताया कि उनके पूर्वजों के अनुसार यह मूर्ति 300 साल से ज्यादा पुरानी है। इसका निर्माण किसी व्यक्ति द्वारा नहीं किया गया है, बल्कि यह प्रतिमा प्रकृति द्वारा बनाई गई। श्री गणेश जी के दर्शन से तन व मन में अद्भुत ऊर्जा महसूस होती है। यह प्रतिमा अपने आप में अलौकिक है। ग्रामीणों ने कहा कि उनके पूर्वजों ने बताया कि बहुत पहले एक महिला दही व मही बेचने का काम करती थी। सर्वप्रथम यह प्रतिमा उसी को मिली। उसी महिला ने सबसे पहले इसे श्री गणेश जी की प्रतिमा मानकर पूजा-अर्चना की थी। उसके बाद से ग्रामीण प्रतिमा का पूजन करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर शासन से सहयोग मिलता तो गणेश जी के लिए मंदिर का निर्माण किया जा सकता है।

खबर संक्षेप

## बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकारः रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि पहले कुत्ते का जूठा खाना, अब फिनाइल। भाजपा के विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन वाली सरकार बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रही हैं। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि किस हादसे के इंतेज़ार में हैं छत्तीसगढ़ सरकार, क्यों नहीं हो रहे स्कूलों में सुरक्षा के इंतेज़ाम। स्कूलों, छात्रावासों से लगातार इस तरह की लापरवाही आ रही हैं। 426 मासूम बच्चे अपनी सूझबूझ की वजह से जिंदा बच गए, वरना फिनाइल मिले हुए जहरीले खाने से एक बड़ी जनहानि हो सकती थी।



## यंग साइंटिस्ट इंडिया में मेघना का चयन

**महासमुंद।** स्पेस किड्स इंडिया एटीएल इनोवेशन मिशन एंड मैराथन इंडिया के सहयोग से यंग साइंटिस्ट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन 27 से 29 अगस्त तक चेन्नई में होने जा रहा है। प्रदेश के 10 विद्यार्थियों में से जिले से 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसमें संकुल केंद्र बेलसोंडा (एसएसएस बेलसोंडा) से कक्षा दसवीं की छात्रा मेघना चंद्राकर फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के खोयले एवं मिश्रित आचार व्यंजन पर व्याख्यान के साथ प्रोजेक्ट की प्रस्तुति देंगी। संस्था के प्राचार्य शोभा सिंहदेव के नेतृत्व एवं व्याख्याता जगदीश सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट फ़ाइल के साथ मेघना चेन्नई के लिए रवाना हुई। उल्लेखनीय है कि मेघना, बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर की पुत्री हैं।

# जिले की समितियों एवं निजी दुकानों में 14 हजार 189 टन खाद विक्रय के लिए शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2025 में जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी दुकानों में अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिए है। अधिकारियों द्वारा लगातार खाद की उपलब्धता एवं वितरण पर निगरानी रखी जा रही है।

उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों से खाद प्राप्त कर सकते हैं। 1 अप्रैल से 26 अगस्त की स्थिति में जिले के सहकारी एवं निजी समितियों में कुल 86 हजार 991 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 72 हजार 802 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अब तक भंडारित खाद में सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में यूरिया 44 हजार 977 टन, सुपर फॉस्फेट 21 हजार 24 टन, पोटाश 3 हजार 498, डी.ए.पी. 9 हजार 981 एवं एन.पी.के 7 हजार 511 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 14 हजार 189 टन खाद विक्रय के लिए शेष है। जिसमें यूरिया 5 हजार 889 टन, सुपर फॉस्फेट 4 हजार 243 टन, पोटाश 704 टन, डीएपी एक हजार 424 एवं एक हजार 929 टन एनपी के खाद उपलब्ध है, जिसका समितियों द्वारा किसानों को विक्रय किया जा रहा है। अब तक भंडारण के विरुद्ध 83.69 प्रतिशत वितरण किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी ने खरीफ वर्ष 2025 के लिए नीम यूरिया खाद का रेक महासमुंद जिले में पहुंचने की सूचना दी है। जिसके तहत जिले के 4 संग्रहण केन्द्रों में 1000 टन खाद का भंडारण किया जाना है। जिसमें महासमुंद संग्रहण केंद्र में 200 टन, बागबाहरा में 250 टन, पिथौरा में 200 टन एवं बसना संग्रहण केंद्र में 350 टन का भंडारण किया जाएगा।



## बसना में कृषि सेवा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में बसना विकासखंड के किसान कृषि सेवा केंद्र बंसुला का वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में नेशनल फर्टिलाइजर कंपनी का 51 बोरी यूरिया उर्वरक पाया गया, जिसे ग्राम दूधापाली के 2, बड़ेटेमरी के 1, परसकोल के 3, गढ़पटनी के 1 तथा बड़ेढाबा के 2 कृषकों को उनके रकबा के आधार पर 266 रुपए की दर से वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना उषाकांति, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिशंकर कैवर्त्य एवं मुरली पटेल उपस्थित थे।

## जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय सुभाषनगर निवासी मनोज निषाद पिता गंगाराम उम्र 50 वर्ष वाहन चलाने का काम करता था। वह शराब सेवन का आदी था। सोमवार को मनोज घर पर अकेला था। परिवार के लोग दूसरे घर गए थे। शाम को भतीजा राजेंद्र निषाद उसके घर गया तो अधेड़ बिस्तर के नीचे बेहोश पड़ा हुआ था। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद मनोज द्वारा जहर सेवन करने की जानकारी दी। अस्पताल में अधेड़ की सोमवार की रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मंगलवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## देऊरपारा में हरि कीर्तन 29 को

**नगरी।** स्माईल क्लब देऊरपारा के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के अवसर पर कुण्डेरा दादर वाले कामता प्रसाद का हरि कीर्तन कर्णेश्वर महादेव मंदिर देऊरपारा नगरी में किया गया है। यह जानकारी स्माइल क्लब के अध्यक्ष अमन गोस्वामी ने दी।

# भाजपा राज में खुलेआम किसानों से लूट जारी : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जब से भाजपा सरकार इस प्रदेश में आई है, लगातार किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में ग्राम बिंद्रावन के रहने वाले परिवार ने कई किसानों से किसानों के बताए अनुसार 2 करोड़ से ज्यादा का धान खरीदा और आसपास और एक ही विकासखंड का व्यक्ति होने के कारण किसानों ने उसे बेच भी दिया। अब कई महीने बीत जाने और कई बार उसके घर और मोबाइल पर संपर्क कर थक जाने और अपनी मेहनत और खून पसीने से उगाई गई फसल की कीमत ना मिल पाने और चक्कर मार मार कर हताश होने के बाद किसानों ने कलेक्टर महासमुंद को जनदर्शन में जाकर गुहार लगाई, पर दो हफ्ते बीतने के बाद भी तथाकथित आरोपी और परिवार आज भी स्वच्छंद घूम रहा है और किसान मुंह उठा कर न्याय की आस लगाए लगातार थाने और जिला कार्यालय के चक्कर काटने मजबूर हैं।



इसी कड़ी में किसानों के बुलावे पर अंकित बागबाहरा थाना कोमाखान पहुंचकर थाना प्रभारी से किसानों की शिकायत पर हो रही कार्रवाई की जानकारी ली और किसानों के पक्ष में हरसंभव मदद करने की अपील की। इस समय बोईरगांव, झलमला, नवाडीह , दारगांव, कसेकेरा, कछारडीही, चंदरपुर, नर्रा, जामगांव, देवरी, भोथा, बिडोरा के दो दर्जन से ज्यादा किसान मौजूद रहे। सभी उपस्थित किसानों ने प्रशासन से उक्त आरोपी से कड़ाई से पेश आते हुए उसे शीघ्र पकड़ कर किसानों को उनकी बकाया राशि दिलाने की मांग की।

साथ ही किसानों ने थाना प्रभारी को बताया कि बिंद्रावन निवासी उक्त व्यक्ति के घर जाने से और फोन में हमको ही झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जाती है। किसानों ने कहा कि अगर समय में समुचित कार्रवाई नहीं होती है तो वो लोग भी अपने परिवार और ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। कोमाखान थाना प्रभारी को किसानों ने अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में ज्ञापन भी सौंपा।

इस दौरान हेमलाल नायक, हेमचंद साहू, गोपाल साहू, दुखलुराम साहू, चंद्रहास साहू, आकाश, डिगेश, दीनदयाल, नोहर, सेतराम, सेतन चंद्राकर, कामता, उमाराम, प्यारे लाल साहू, सीताराम, कुलेश्वर राजपूत, बेदराम साहू, पारसनाथ, लिलसिंग, थान सिंग, जीवनलाल सेन, गीतेश साहू, पीलाराम ठाकुर, केशराम साहू, रमेश यादव, तूफान दीवान, जितेंद्र क्षत्रिय आदि उपस्थित थे।



## नगर पालिका में भगवान गणेश की हुई पूजा

**महासमुंद।** गणेश चतुर्थी पर्व पर नगर पालिका कार्यालय उपाध्यक्ष कक्ष में भगवान गणेश की मूर्ति की पूजा अर्चना एवं महाआरती की गई। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रतिपक्ष नेता नानू भाई, भाजपा नेता हनीष बग्गा, गौरव राठी, नगर पालिका के अधिकारी विभाग प्रमुख एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय बौद्धिक स्पर्धा के लिए छात्रों का चयन

**कोमाखान।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कोमाखान के भैया-बहनों का चयन राज्य स्तरीय खेलकूद बौद्धिक प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिला स्तरीय प्रतियोगिता सशिमं नरतोरा में आयोजित हुआ। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमें कबड्डी एवं एथलेटिक्स, बौद्धिक (व्यक्तिगत गीत) की प्रतियोगिता हुई। भैया-बहनों के इस उपलब्धि पर विद्यालय एवं अभिभावकजनों में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय की प्रधानाचार्य उषा सिंह ठाकुर एवं आचार्य दीदी, प्रबंध समिति ने भी हर्ष व्यक्त किया है।




### आकांक्षी जिला तथा विकासखंड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कल

**महासमुंद।** संयुक्त सचिव भारत सरकार नई दिल्ली एवं जिले के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम अलरमेलमंगई डी की अध्यक्षता में 29 अगस्त 2025 को दोपहर 03 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग द्वारा तय किए गए सूचकांकों की प्रगति के संबंध में समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को नियत तिथि एवं समय पर निर्धारित जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

**गड़बड़ी : अवैध रूप से 13 लाख रुपए की मांग करने का आरोप**

# मत्स्य सहकारी समिति में भ्रष्टाचार का आरोप, पारदर्शिता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले की दुर्गा मत्स्य सहकारी समिति कपसाखुंटा (कुरचुंडी जलाशय) में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर विवाद खड़ा हो गया है।

समिति के अध्यक्ष सुंदर मणि साव और सचिव जयदेव पर अवैध रूप से 13 लाख की मांग करने का आरोप है। पीड़ित नए सदस्यों का कहना है कि उन्होंने पहले ही सहकारी बैंक विभाग में सदस्यता राशि जमा कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समिति में शामिल नहीं किया गया। पूर्व में इस मामले पर उपायुक्त महासमुंद ने स्पष्ट आदेश दिए थे कि नए सदस्यों को तत्काल शामिल किया जाए, अन्यथा समिति को भंग कर दिया जाएगा। इसके बावजूद अब तक कार्रवाई टलती रही, जिससे ग्रामीणों और सदस्यों में भारी असंतोष है।



सूत्रों के अनुसार, पुराने सदस्यों से भी 50,000 रुपए तक की वसूली किए जाने की शिकायत सामने आई है। वहीं जब इस संबंध में मत्स्य निरीक्षक राजसुमेर से संपर्क किया गया तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। गंभीर आरोप यह भी है कि नवीन सदस्यों द्वारा आवेदन कलेक्टर और जनपद पंचायत बसना में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन बिना किसी जांच के जनपद से समिति को प्रस्ताव भेज दिया गया। यह प्रक्रिया स्वयं में गंभीर जांच का विषय मानी जा रही है और अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। वर्तमान में समिति ने दस्तावेज सत्यापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। ग्रामीणों का मानना है कि इस प्रक्रिया से समिति की वित्तीय अनियमितताओं और संबंधित अधिकारियों की भूमिका उजागर हो सकती है। मामला गरमा चुका है और अब सदस्य पारदर्शिता की मांग को लेकर लगातार दबाव बना रहे हैं।

# शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा में हुआ छात्र संघ का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सत्र 2025-26 के लिए शासकीय हाईस्कूल रेमड़ा में छात्र संघ का चुनाव व्याख्याता अशोक कुमार साहू द्वारा कराया गया। जिसमें शाला नायक कक्षा दसवीं से अतुल पाइक एवं शाला उपनायिका कक्षा दसवीं से ही भवानी यादव चुने गए। दोनों पद निर्विरोध चुने गए।



विद्यालय के अन्य प्रमुख पदों का भी चुनाव हुआ। जिसमें कक्षा दसवीं के कक्षा नायिका रीना सेठ एवं कक्षा उपनायिका मोनिका परमार चुनी गई। कक्षा नवमीं के कक्षा नायिका श्रावणी सिदार तथा कक्षा उपनायक रमेश भोई बहुमत से चुने गए।

तत्पश्चात कक्षा/शाला संचालन के लिए विभिन्न पदों का मनोनयन किया गया। जिसमें प्रमुखतः क्रीड़ा विभाग, अनुशासन विभाग, सांस्कृतिक विभाग व स्वच्छता विभाग है। उपर्युक्त चारों विभागों को सत्यम, शिवम, सुंदरम, मधुरम नामित किया गया। क्रीड़ा विभाग के अध्यक्ष दीपक भोई एवं क्रीड़ा उपाध्यक्ष तनुषा पांडे बने। अनुशासन विभाग के अध्यक्ष प्रियंका यादव एवं अनुशासन उपाध्यक्ष हितेश बघेल का मनोनयन हुआ। सांस्कृतिक विभाग में अध्यक्ष पद काजल साखरे व उपाध्यक्ष पद मुस्कान बरिहा को मिला। स्वच्छता विभाग से अध्यक्ष नीलम चौहान व उपाध्यक्ष तुषार सिदार बने। छात्र संघ के चुनाव के उपरांत संस्था के प्राचार्य वीरेंद्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र संघ पदाधिकारी बनने से आप हमारे संस्थान में अच्छे बदलाव का सकते हैं। इससे छात्रों में नेतृत्व, संचार, बजट प्रबंधन और मल्टीटास्किंग जैसे व्यवहारिक कौशल विकसित होंगे। अतः पदाधिकारी अपने कर्तव्यों के ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करेंगे। इसका प्रयोग अपने या अपने मित्रों के व्यक्तिगत लाभ के लिए कदापि न करें। इस कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्यातागण अशोक कुमार साहू, हेमसिंग सिदार, रामरतन भोई थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के गणित व्याख्याता खगेश्वर पंडा ने किया।


# विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

**महासमुंद।** छग शासन के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार के समन्वय से किया जाएगा। वर्ष 2000 में भारत का 26वां राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत संरचना, वन अधिकार एवं औद्योगिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियांअर्जित की हैं। रजत जयंती वर्ष आत्मलोकन एवं भावी संकल्प का अवसर है। प्रथम चरण की गतिविधियाँ जो स्कूलों में किया जाना है (28 अगस्त से 31 अगस्त 2025) 28 अगस्त को स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता/दीवार पत्रिका का विमोचन, विद्यार्थियों एवं पालकों के लिए समझ के साथ तेज गति से पढ़ने की गतिविधि एवं दीवार पत्रिका का विमोचन की जाएगी। 29 अगस्त को पुस्तक वाचन कार्यक्रम-पालक, विद्यार्थी एवं शिक्षक सामूहिक रूप से पुस्तक वाचन करेंगे। 30 अगस्त को प्रदर्शनी-विद्यालयों में 25 वर्षों की उपलब्धियों का प्रदर्शन, जिसमें विद्यार्थी, पालक और समुदाय भाग लेंगे। 31 अगस्त को एलुमनी बैठक -भूतपूर्व विद्यार्थियों एवं वर्तमान विद्यार्थियों-शिक्षकों के बीच संवाद और संस्मरण साझा करने का अवसर। इन कार्यक्रमों का आयोजन सभी स्कूलों में सुनिश्चित किया जाएगा। प्राचार्य प्रधानपाठक और सीएसी प्रत्येक दिवस की गतिविधियों के फोटोग्राफ, प्रतिवेदन एवं संख्यात्मक जानकारी निर्धारित प्रारूप में संकलित कर जिला कार्यालय को भेजी जाएगी। कार्यक्रमों को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया है।

# विधायक ने कैबिनेट मंत्री का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

राज्य के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल मंत्री पद की शपथ के बाद आज पहली बार बसना पहुंचे। इस अवसर पर बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने उनका आत्मीय स्वागत किया। डॉ संपत अग्रवाल ने मंत्री राजेश अग्रवाल को पुष्पगुच्छ, शॉल,श्रीफल और छत्तीसगढ़ी प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।



विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि मंत्री राजेश अग्रवाल को पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली है। यह छत्तीसगढ़ के लिए सौभाग्य की बात है। उनके नेतृत्व में राज्य की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मंत्री बनने के बाद राजेश अग्रवाल का बसना आगमन न केवल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह संकेत भी है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनता की आवाज़ अब सीधे शासन के केंद्र तक पहुंचेगी।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, विधायक कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा, जनपद पंचायत बसना उपाध्यक्ष मोहित पटेल, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि निर्मलदास, मंडल अध्यक्षगण नरेंद्र यादव, हलधर साहू, अभिमन्यु प्रधान, महामंत्री इंदल बरिहा, भाजपा मीडिया प्रभारी सुखदेव वैष्णव, युवा नेता आकाश सिन्हा, विधायक कार्यालय पिरदा प्रभारी विमला बेहरा, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# फुलझर क्षेत्र में आज धूमधाम से मनेगा नुआखाई का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली सहित पूरे फुलझर क्षेत्र में नुआखाई का पर्व आज बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। नुआखाई को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है तथा नुआखाई को लेकर हफ्ते भर से तैयारी चल रही है। बुधवार के दिन सरायपाली बाजार में भी काफी चहल पहल देखने को मिली। नुआखाई भाद्रपद शुक्ल पंचमी के दिन मनाया जाता है। 'नुआखाई' का शाब्दिक अर्थ है 'नया खाना'। यह मुख्य रूप से पश्चिम ओड़िशा एवं छग के पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों में किसानों और खेतिहर श्रमिकों द्वारा नई फसल के स्वागत में मनाया जाने वाला पारंपरिक त्यौहार है मगर समाज के सभी वर्ग इसे उत्साह के साथ मनाते हैं।

वर्षा ऋतु के दौरान धान की फसल लहलहाने लगती है और धान की बालियां आने लगती हैं, तब नई फ़सल के स्वागत में भाद्रपद शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि को नुआखाई का आयोजन होता है। यह कृषि संस्कृति और ऋषि परंपरा पर आधारित पर्व है। इस दिन फसलों की देवी अन्नपूर्णा सहित सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जाती है। नवाखाई का महत्व समाज में इसलिए है, क्योंकि जीवन में खेती बाड़ी का विशेष महत्व है। आज के दिन नई फसल का नया अन्न ग्रहण कर अन्नपूर्णा देवी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पहले समय में अकाल और बाढ़ जैसी विकराल समस्याओं से जूझते हुए किसानों के सामने नई फसल को अपने घर तक लाने की एक बड़ी चुनौती होती थी। लगान एवं कम उत्पादन के चलते सालभर के लिए अनाज नहीं बच पाता था। भादों और दशहरा का महीना किसानों के लिए काफी कष्टदायक होता था। कई घरों में कई बार चूल्हा भी नहीं जलता था। किसान मजदूरों को धनाढ्य लोगों के घर जाकर 'बाढ़ी' लेना पड़ता था। इस तरह से किसानों को नई फसल को लेकर बड़ी उत्सुकता रहती थी। जब खेतों में बालियां निकलने लगती तो उत्सुकता और भी बढ़ जाती थी। उत्सुकता और उत्साह का अतिरेक ही नुआखाई पर्व के रूप में परिणत हो जाता है। उत्साह का प्रदर्शन मनुष्य सदियों से लोक पर्व के रूप में करता आया है। यही पर्व आगे चलकर एक परंपरा का का रूप ले लेता है।

आज यही नुआखाई पारंपरिक पर्व बन गया है। नुआखाई की पर्व में विशेष पूजा अर्चना की जाती है। खासकर कुल देवी देवताओं की पूजा पाठ परिवार की मुख्य द्वारा की जाती है और इस दिन नमक खाने के लिए महुआ एवं खुरैपन पत्तल दोना बनाकर खाया जाता है। कहा जाता है कि आज के दिन भर पेट खाने से सालभर पेट खाने को मिलता है, इसलिए भोजन के रूप में तरह-तरह के पकवान एवं सब्जी तैयार किए जाते हैं और पूरा परिवार साथ मिलकर भोजन करते हैं। यह पर्व आपसी भाईचारे एवं सद्भाव का प्रतीक है। भोजन ग्रहण करने के बाद जुहार भेंट का कार्यक्रम होता है, जो सप्ताहभर तक चलता रहता है। इस वर्ष नुआखाई को स्थानीय अवकाश घोषित होने के कारण शासकीय अधिकारी कर्मचारी वर्ग में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के प्रवक्ता कमलेश साहू ने बताया कि बैगा द्वारा पहले ग्राम देवता को धान की बाली अर्पित कर विशेष पूजा अर्चना की जाती है। पश्चात ग्रामीण नुआखाई की तैयारी में जुट जाते हैं। इस दिन कुलदेवी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। कोलता समाज के लोग महुआ के दोना पत्तल में नवा खाने की परंपरा है। जबकि, अन्य समाज के लोग कोराई पान में नवा खाने की रिवाज है।



### विस अध्यक्ष से मुलाकात कर नाचा कलाकारों ने बताई अपनी पीड़ा

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्र के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत कका भतीजा सराईपाली के संस्थापक रंजीत चक्रधारी द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के लोक संस्कृति नाचा विधा के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह से सौजन्य मुलाकात कर नाचा गम्मत कलाकारों ने अपनी पीड़ा को अवगत कराते हुए नाचा गम्मत कलाकारों को आर्थिक स्थिति को संवारने के लिए ज्ञापन सौंपा। समस्या को गंभीरता से सुनते हुए विस अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री को जल्द से जल्द संज्ञान लेने के लिए पत्र प्रेषित करने के लिए आश्वासन दिया। इस भेंट मुलाकात के क्षण में लोक कलाकार सरंक्षण समिति बागबाहरा के अध्यक्ष भी सम्मिलित रहे।

## निधन

### सुनीता साहू



**महासमुंद।** स्थानीय शंकरनगर निवासी सुनीता साहू (55) का मंगलवार की रात्रि निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को गृहग्राम बनचरौदा (आरंग) में किया गया। वे रामकुमार साहू की पत्नी, देवेंद्र एवं अमित साहू की मां थीं।

# वेडनर स्कूल के खिलाड़ियों ने सीबीएसई क्लस्टर खेल में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओड़ीशा के टिटलागढ़ में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 11 फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर 17 बालक में वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के हिस्सा लिया। जिनमें प्रतिभागी जिनेश चंद्राकर, पार्थ साहू, शौरेन चंद्राकर, दक्ष पटेल, शुभम रात्रे, संकल्प दुबे, सुभाष चंद्राकर, मोहित सिंग, रुद्र चंद्राकर, उद्धव नायडू, प्रेयश कुमार वैष्णव, वासु कुकरेजा आदि शामिल रहे। इन्होंने आरके शारदा विद्या मंदिर रायपुर को 3-1 से, आचार्य



तुलसी अकेडमी ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल न्यू टाउन ब्रांच, कोलकाता को 3-0 से और सेंट यूगेन इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलासपुर को 5-1 से हराकर सेमीफाइनल राउंड में पहुंचे। यह शाला परिवार के लिए अत्यंत हर्ष का विषय रहा। इन समस्त प्रतिभागियों को मार्गदर्शन खेल प्रभारी छन्नू लाल साहू से मिला, जिनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। उनकी इस सफलता पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर देवानंद बाघ सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।




**नपाध्यक्ष के निर्देश के बाद पालिका ने शुरू कराया सफाई कार्य**

# शहर के पानी टंकियों की सफाई कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के नयापारा आंबेडकर स्कूल के समीप स्थित पानी टंकी सहित अन्य वार्डों में स्थित सभी ओवरहेड पानी टंकियों की सफाई कार्य नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर शुरू किया गया है। नयापारा आंबेडकर स्कूल स्थित पानी टंकी की सफाई की गई। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने सफाई कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। बताया गया कि एक-एक कर शहर के अन्य सभी पानी टंकियों की सफाई की जाएगी। बारिश के दिनों में जलजनित बीमारी पीलिया, डायरिया के फैलने का खतरा बना रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पानी टंकियों की सफाई कराने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में आज पालिका प्रशासन द्वारा सफाई कार्य शुरू किया गया। पालिका कर्मचारियों के सहयोग से रायपुर की सफाई टीम उक्त कार्य कर रहे हैं। ओवरहेड पानी टंकियों सहित संपवेल की भी सफाई कराई जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बताया कि नयापारा आंबेडकर स्कूल पानी टंकी की सफाई विगत 8 वर्षों से नहीं हुई थी। लोक स्वास्थ्य को देखते हुए सफाई कराना अत्यंत आवश्यक था। टैंक में जमा गाद को सफाई मशीन के माध्यम से साफ कर रहे हैं। सफाई के बाद टंकियों में आवश्यक जीवाणुनाशक दवाएं डाली जाएगी। जिससे वह एंटीबैक्टीरियल का कार्य करेगा। साहू ने कहा कि जनहित में जलजनित बीमारी पीलिया, डायरिया जैसे संक्रामक रोग से बचाव के लिए समय-समय पर पानी टंकी की सफाई बिना विलंब के कराया जाना आवश्यक है। सफाई से संबंधित पानी टंकी क्षेत्र के वार्डों में एक समय पानी सप्लाई प्रभावित हो सकती है। सफाई के बाद पानी की आपूर्ति सतत जारी रहेगा।



